संख्या–854cD / आठ–1–23–08बैठक / 2017

प्रेषक,

मनोज कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उ0प्र0।

3. **अध्यक्ष / जिलाधिकारी,**
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उ0प्र0।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 **लखनऊः दिनांकः 20 अक्टूबर, 2023**

विषयः– वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रदेश के मार्गों के अनुरक्षण / नवीनीकरण / गड्ढ़ामुक्ति के संबंध में।

महोदय,

कृपया प्रदेश के मार्गों के अनुरक्षण / नवीनीकरण / गड्ढ़ामुक्ति किये जाने के संबंध में प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 13.10.2023 को आहूत समीक्षा बैठक में निम्नवत निर्देश दिये गये हैं:–

(1) समस्त अभिकरणों द्वारा मार्गों के अनुरक्षण / नवीनीकरण / गड्ढामुक्ति के वास्तविक लक्ष्य निर्धारित करते हुए इस कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण किया जाये।

(2) अनुरक्षण / नवीनीकरण / गड्ढामुक्ति के संबंध में कार्ययोजना तैयार कर तत्काल उपलब्ध करायी जाए तथा यह भी ध्यान रखा जाये कि कार्ययोजना वास्तविक एवं प्रासंगिक हो।

(3) दशहरा एवं दीपावली से पूर्व मार्गों के अनुरक्षण / नवीनीकरण / गड्ढामुक्ति के संबंध में कार्यवाही पूर्ण कर ली जाये।

(4) समस्त मार्गों की जियो–टैगिंक की जाये ताकि अनुरक्षण / नवीनीकरण / गड्ढामुक्ति के संबंध में स्थिति स्पष्ट हो सके।

(5) नवरात्रि एवं मूर्ति विर्सजन से जुड़े मार्गों को तत्काल गड्ढ़ामुक्त किया जाये।

(6) गड्ढ़ामुक्ति / नवीनीकरण के जो लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं उसे प्रत्येक दशा में 30.10.2023 तक पूर्ण कर लिया जाये।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त दिये गये निर्देशों का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित कराते हुए निर्धारित प्रारूप पर सूचना निदेशक, आवास बन्धु को उपलब्ध कराते हुए उसकी एक प्रति शासन को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मनोज कुमार)
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निदेशक, आवास बन्धु को इस आशय से प्रेषित कि प्रदेश के मार्गों के अनुरक्षण / नवीनीकरण / गड्ढ़ामुक्ति के संबंध में दिये गये निर्देशों के अनुपालन हेतु समस्त सम्बंधितों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही कराते हुए समेकित सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(अरुण कुमार)
अनु सचिव।